तत्पश्चात उड़ीसा सरकार ने कार्यक्रम के "चलती फिरती स्वास्थ्य इकाई" और "पोषाहार" पहलुओं से संबंधित एक मूल्यांकन अध्ययन किया । मूल्यांकन रिपोर्ट में योजना अवधि के दौरान लाभार्थियों के रहने के स्तर में सुधार करने में इन दो क्षेत्रीय कार्यक्रमों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया गया है ।

गुजरात में गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे किसान

4827. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कितने किसान गरीबी रेखा के नीचे रह रहे हैं ;

(ख) इन किसानों के जीवन स्तर में सुधार के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अब तक लागू की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन योजना के अंतर्गत अभी तक कितनी सफलता प्राप्त हुई है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई एच. पटेल) : (क) गुजरात में गरीबी की रेखा से नीचे बसर करने वाले किसानों की संख्या उपलब्ध नहीं है । तथापि, राष्ट्रीय नमुना सर्वेक्षण संगठन के 43वे दौर (1987–88) के आधार पर गुजरात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 21.2 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे थे ।

(ख) और (ग) किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अलग से कोई योजना नहीं है । तथापि, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना जैसे गरीबी उन्मूलन के प्रमुख केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य छोटे तथा सीमांत किसानों, अनुसूचित जातियों।अनुसूचित जनजातियों।मुक्त बंधुवा मजदूरों आदि जैसे समाज के उपेक्षित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाना है इन वर्गों के लोगों को समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वरोजगार के अवसर प्रदान कि जाते हैं जबकि जवाहर रोजगार योजना का उद्देश्य इन्हें मजदूरी रोजगार मुहैया कराना है ।

1991–92 के दौरान गुजरात राज्य में इन कार्यक्रमों के अंततर्गत निष्पादन निम्नलिखित अनुसार रहा है :—

कार्यक्रम का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि	प्रतिशत उपलब्धि
समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (परिवारों की संख्या)	68,227	72,326	106प्रतिशत
जवाहर रोजगार योजना (लाख श्रम दिन)	244.25	254.13	104प्रतिशत

Land Reforms in Gujarat

4828. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state.

(a) whether Government propose to provide sptcial assistance to Gujarat for implementing land reforms;

(b) if so, wnat are the details thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?